श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/95/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2024-25/12337 दिनांक 29.07.2024
01/08/2024

प्रवेश सूचना (CUET-UG 2024-25)

विषय: विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (CUET-UG 2024-25) के आधार पर श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु पंजीकरण करवाने के सम्बन्ध में।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी सूचना के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में स्नातक पाठ्यक्रमों **शास्त्री (बी.ए.) एवं बी.ए. (योग)** में प्रवेश हेतु एन.टी.ए. द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में भाग लिया था वे अभ्यर्थी प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय वेबसाईट पर निर्धारित पोर्टल https://slbsrsvcuet.samarth.edu.in पर **दिनांक 31.07.2024 से 09.08.2024 तक पंजीकरण करवा सकते है।** पंजीकरण हेतु 300/- रूपये ऑनलाईन माध्यम से जमा करवाना अनिवार्य होगा।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार उक्त प्रवेश परीक्षा में प्राप्त स्कोर की वरीयता सूची के अनुसार प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जायेगा। पंजीकरण के उपरान्त प्रवेश हेतु काउंसलिंग निम्नलिखित समय सारिणी के अनुसार सम्बन्धित प्रवेश समिति द्वारा की जायेगी।

क्र0सं0	सम्बन्धित पीठ (विषय)	समय एवं तिथि	स्थान
01	**साहित्य एवं संस्कृति पीठ**-(साहित्य, प्राकृत)	दिनांक 12.08.2024 से 14.08.2024 तक	शैक्षणिकसदनम्, पीठ प्रमुख कार्यालय
02	**दर्शनशास्त्र पीठ**- (प्राचीनन्याय, नव्यन्याय, सर्वदर्शन, सांख्ययोग, अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त, जैनदर्शन, मीमांसा, योग)	दिनांक 12.08.2024 से 14.08.2024 तक	शैक्षणिकसदनम्, प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय
03	**वेदवेदांग पीठ**- (शुक्लयजुर्वेद, धर्मशास्त्र, नव्यव्याकरण, प्राचीनव्याकरण, पौरोहित्य, सिद्धान्तज्योतिष, फलितज्योतिष, वास्तुशास्त्र)	दिनांक 12.08.2024 से 14.08.2024 तक	स्वर्णजयन्तीसदनम्, प्रथम तल, पीठ प्रमुख कार्यालय
04	**पुराणविद्यापीठ**- पुराणेतिहास	दिनांक 12.08.2024 से 14.08.2024 तक	सारस्वतसाधनासदनम्, तृतीय तल, पीठ प्रमुख कार्यालय

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल-दस्तावेजों तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

मूल-प्रमाण पत्रों की सूची-

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल-प्रमाण पत्र।
2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)
3. निष्क्रमण प्रमाण-पत्र
4. मूल चरित्र प्रमाण-पत्र।
5. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण-पत्र।
6. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
7. ए.बी.सी. आई-डी.
8. स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (केवल बी.ए. (योग) पाठ्यक्रम हेतु)

नोटः प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट (slbsrsv.ac.in) पर उपलब्ध है। जानकारी हेतु अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र/**Helpline Number: 011-46060503/548/542**

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष
2. निदेशक, IQAC एवं कुलानुशासक
3. परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी)
4. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
5. जन सम्पर्क सूचना अधिकारी
6. सहायक कुलसचिव (लेखा)
7. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि ऑनलाईन माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
8. सम्बन्धित पंजिका
9. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

A.P.

01.08.2024

Sh. Sachin

01/08/24